भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1288

उत्तर देने की तारीख: 25.11.2019

केन्द्रीय विद्यालयों का निर्माण

†**1288. श्री श्रीधर कोटागिरीः**

डॉ॰ बीसेट्टी वेंकट सत्यवतीः

श्री पी॰ वी॰ मिधुन रेड्डीः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में 13 नवनिर्मित भवनों का शुभारंभ किया है और 12 राज्यों में स्थित 6 केन्द्रीय विद्यालयों के निर्माण की नींव रखी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को आंध्र प्रदेश राज्य से आगामी शैक्षणिक वर्ष में केन्द्रीय विद्यालय आबंटित करने का कोई प्रस्ताव स्वीकार हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उनकी स्थिति का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख) केन्द्रीय विद्यालयों के 13 नव निर्मित भवनों का हाल ही में उद्घाटन किया गया और 6 केवि भवनों की आधारशिला रखी गई जिनके ब्यौरे इस प्रकार हैं:-

राज्य	**भवन जिनका उद्घाटन किया गया**	**आधारशिला रखी गई**
अरुणाचल प्रदेश	-	लांगडिंग

असम	गोलाघाट, हाफलोंग और तमुलपुर	-
बिहार	अररिया	-
छत्तीसगढ़	-	कवर्धा
गुजरात	जेतपुर और वीरमगांव	-
झारखंड	-	गिरिडीह
कर्नाटक	कोडागु	चेन्नापतना
मध्य प्रदेश	सतना न. 2 और बेतुल	-
ओडिशा	संबलपुर	जगतसिंहपुर
तमिलनाडु	पारालंबूर	-
तेलंगाना	मिर्यालगुडा	निजामाबाद
उत्तर प्रदेश	शिवगढ़	-

(ग) और (घ) केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने सूचित किया है कि इसे आंध्र प्रदेश की राज्य सरकार से अनकापली (जिला विशाखापट्टनम), नायडुपेट, कवाली, कलिचेडु और प. गुडुर (जिला नेल्लौर), वंकयालापडु गांव, कृष्नायपलेम और नवुलुरू (जिला गुंटुर), श्री कलाहस्ती, गुडीपला और जंगलापेल्ली (जिला चित्तूर) और ओंगेले (जिला प्रकासम) में नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के लिए 12 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

अनकापल्ली जिसे केवीएस मानकों के अनुसार अनिवार्य अपेक्षाएं पूरी करते हुए पाया गया है, में एक नए केन्द्रीय विद्यालय को खोलने के प्रस्ताव को छोडकर शेष प्रस्तावों में कुछ विसंगतियां/कमियां हैं और इन्हें दूर करने के लिए आंध्र प्रदेश राज्य सरकार के नोटिस में लाया गया है।

*****